आवेदक/उधारकर्ता स्वीकार करते हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (CLSS) के बारे में अवगत कराया गया है। वे समझते हैं कि इस योजना के अंतर्गत पात्रता संबंधित सरकारी प्राधिकरणों द्वारा सत्यापन एवं पुष्टि के अधीन है। पात्र पाए जाने पर, CLSS कार्यक्रम के लागू नियमों के अनुसार सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाएगा।

- Applicants/ Borrowers further acknowledge that coverage under this scheme is governed solely by the conditions laid down by the Government of India, and Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA) has no control over the approval, processing, or disbursement of the subsidy.

आवेदक/उधारकर्ता आगे यह भी स्वीकार करते हैं कि इस योजना के अंतर्गत कवरेज पूर्णतः भारत सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन है तथा सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) का सब्सिडी की स्वीकृति, प्रक्रिया अथवा वितरण पर कोई नियंत्रण नहीं है।

- Upon receipt of the subsidy under CLSS–PMAY, the Equated Monthly Instalment (EMI) shall be mandatorily revised downward, and a new repayment schedule along with applicable terms and conditions shall be communicated for acknowledgment.

CLSS–PMAY के अंतर्गत सब्सिडी प्राप्त होने पर, समान मासिक किस्त (EMI) में अनिवार्य रूप से कमी की जाएगी तथा लागू नियम एवं शर्तों सहित नई पुनर्भुगतान अनुसूची स्वीकृति हेतु सूचित की जाएगी।

- Applicants/Borrowers also understand that in the event of default, they shall be liable to repay the

full outstanding loan amount as per the original sanctioned and disbursed schedule. This includes both the remaining loan balance with SITAARA and the subsidy amount credited by the government. Therefore, the entire disbursed amount comprising the SITAARA loan and the government subsidy is recoverable from the borrower/beneficiary.

आवेदक/उधारकर्ता यह भी समझते हैं कि चूक की स्थिति में वे मूल स्वीकृत एवं वितरित अनुसूची के अनुसार संपूर्ण बकाया ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु उत्तरदायी होंगे। इसमें SITAARA के साथ शेष ऋण बकाया राशि तथा सरकार द्वारा जमा की गई सब्सिडी राशि दोनों सम्मिलित हैं। अतः SITAARA ऋण एवं सरकारी सब्सिडी से युक्त संपूर्ण वितरित राशि उधारकर्ता/लाभार्थी से वसूल योग्य होगी।

7. Repayment of Loan Amount and Interest

7. ऋण राशि एवं ब्याज का पुनर्भुगतान

- Simple Interest in the form of Pre-EMI shall be payable on the disbursed Loan amount from the date/respective dates of disbursement to the date immediately prior to the date of commencement of EMI either through ECS/PDC/ACH/DDM.

वितरित ऋण राशि पर वितरण की तिथि/संबंधित तिथियों से लेकर EMI प्रारंभ होने की तिथि के ठीक पूर्व तक, साधारण ब्याज प्री-EMI के रूप में ECS/PDC/ACH/DDM के माध्यम से देय होगा।

- Loan amount shall be repaid in ( ) Months, ( ) Equal monthly installments of Rupees ( ) which shall start from the next month of the date when full loan amount is disbursed.

ऋण राशि का पुनर्भुगतान ( ) माह में, रुपये ( ) की ( ) समान मासिक किस्तों में किया जाएगा, जो पूर्ण ऋण राशि के वितरण की तिथि के अगले माह से प्रारंभ होगा।

- Applicants/Borrowers shall be duly informed of any change in the applicable rate of interest through e-mail/ letter/ SMS/ account statement/ displayed at the branch or on SITAARA's website. Upon such change, applicants/borrowers are required to contact the nearest Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA) branch to revise the instalment amount or loan tenure in accordance with the revised rate of interest. In case of any objection or concern regarding the revised terms, applicants/borrowers may contact the SITAARA branch for clarification or resolution.

आवेदकों/उधारकर्ताओं को लागू ब्याज दर में किसी भी परिवर्तन की सूचना ई-मेल/पत्र/SMS/खाता विवरण/शाखा में प्रदर्शित सूचना अथवा SITAARA की वेबसाइट के माध्यम से यथोचित रूप से दी जाएगी। ऐसे परिवर्तन के पश्चात, आवेदकों/उधारकर्ताओं को संशोधित ब्याज दर के अनुसार किस्त की राशि अथवा ऋण अवधि में संशोधन कराने हेतु निकटतम सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण

लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) शाखा से संपर्क करना आवश्यक होगा। संशोधित शर्तों के संबंध में किसी भी आपत्ति अथवा चिंता की स्थिति में, आवेदक/उधारकर्ता स्पष्टीकरण अथवा समाधान हेतु SITAARA शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

8. Brief of recovery process of balance instalments.

8. शेष किस्तों की वसूली प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण।

- Applicants/Borrowers may be reminded through phone calls or messages on the mobile number provided to deposit sufficient funds in their bank account to ensure timely payment of EMIs.

आवेदकों/उधारकर्ताओं को समय पर EMI भुगतान सुनिश्चित करने हेतु अपने बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि जमा रखने के लिए प्रदान किए गए मोबाइल नंबर पर फोन कॉल अथवा संदेशों के माध्यम से स्मरण कराया जा सकता है।

- In case the banking instrument (such as ECS, ACH, PDC, or any other mode) provided by the applicant/borrower for EMI payment is dishonoured by the bank, a follow-up reminder may be sent via phone call or message. The applicant/borrower shall be required to deposit the overdue amount along with applicable cheque/instrument dishonour charges at the nearest branch office of Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA).

यदि EMI भुगतान हेतु आवेदक/उधारकर्ता द्वारा प्रदान किया गया बैंकिंग लिखत (जैसे ECS, ACH, PDC अथवा कोई अन्य माध्यम) बैंक द्वारा अनादरित (Dishonoured) कर दिया जाता है, तो फोन कॉल अथवा संदेश के माध्यम से अनुवर्ती स्मरण भेजा जा सकता है। आवेदक/उधारकर्ता को लागू चेक/लिखत अनादरण प्रभार सहित अतिदेय राशि निकटतम सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) शाखा कार्यालय में जमा करनी होगी।

- SITAARA employees may visit the applicant/borrower's residence or workplace to collect the outstanding dues, if necessary.

आवश्यकता होने पर SITAARA के कर्मचारी बकाया राशि की वसूली हेतु आवेदक/उधारकर्ता के निवास अथवा कार्यस्थल का दौरा कर सकते हैं।

- If the applicant/borrower fails to pay the total due amount within the specified time limit, SITAARA shall be entitled to initiate appropriate legal action against the Applicant/borrower and/or co-borrowers, in accordance with the loan agreement and other executed security documents. Legal action may include proceedings under Section 138 of the Negotiable Instruments Act and/or the SARFAESI Act, depending on the case.

यदि आवेदक/उधारकर्ता निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर कुल देय राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो SITAARA ऋण अनुबंध एवं निष्पादित अन्य सुरक्षा दस्तावेजों के अनुसार आवेदक/उधारकर्ता एवं/अथवा सह-उधारकर्ताओं के विरुद्ध उपयुक्त विधिक कार्यवाही प्रारंभ करने का अधिकार रखेगा। मामले के अनुसार विधिक कार्यवाही में परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 एवं/अथवा SARFAESI अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सम्मिलित हो सकती है।

- The mortgaged property may be possessed and/or sold to recover the outstanding loan amount, as

per applicable laws, judicial directions, or court orders.

लागू कानूनों, न्यायिक निर्देशों अथवा न्यायालय के आदेशों के अनुसार बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बंधक संपत्ति का कब्जा लिया जा सकता है एवं/अथवा उसे बेचा जा सकता है।

9. Date of issuing annual outstanding balance statement:

9. वार्षिक बकाया शेष विवरण जारी करने की तिथि:

- Annual outstanding balance statements will be issued to the applicants/borrowers during the first quarter of the subsequent financial year.

वार्षिक बकाया शेष विवरण आगामी वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के दौरान आवेदकों/उधारकर्ताओं को जारी किया जाएगा।

10. Acceptable Modes of Communication

10. संचार के स्वीकार्य माध्यम

- "Acceptable Modes of Communication" with reference to Applicants/Borrowers shall mean any of the following methods used by Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA) to communicate important information, notices, or updates:

आवेदकों/उधारकर्ताओं के संदर्भ में "संचार के स्वीकार्य माध्यम" से अभिप्राय उन निम्नलिखित माध्यमों से है जिनका उपयोग सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी, सूचनाएँ अथवा अद्यतन संप्रेषित करने हेतु किया जाता है।:

(a) Telephonic call or text message sent to the registered mobile number or landline as specified in Schedule I of the loan agreement or related ancillary documents.

(a) ऋण अनुबंध के अनुसूची I अथवा संबंधित सहायक दस्तावेजों में उल्लिखित पंजीकृत मोबाइल नंबर अथवा लैंडलाइन पर किया गया टेलीफोन कॉल या भेजा गया टेक्स्ट संदेश

(b) Email sent to the registered email address of the Applicant/borrower as specified in Schedule I of the loan agreement or related ancillary documents.

(b) ऋण अनुबंध की अनुसूची I अथवा संबंधित सहायक दस्तावेजों में उल्लिखित आवेदक/उधारकर्ता के पंजीकृत ईमेल पते पर भेजा गया ईमेल।

(c) Written notice sent by courier or post to the registered postal address of the applicant/borrower.

(c) आवेदक/उधारकर्ता के पंजीकृत डाक पते पर कूरियर या डाक द्वारा भेजी गई लिखित सूचना।

(d) Text message or communication through social media platforms such as WhatsApp, or any other approved electronic mode.

(d) टेक्स्ट संदेश अथवा WhatsApp जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या किसी अन्य स्वीकृत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया गया संचार।

(e) Notification published by SITAARA on its official website.

(e) SITAARA की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित सूचना/सूचनाएं।

Any communication made through the above modes shall be deemed to have been duly delivered and acknowledged by the applicant/borrower.

उपरोक्त माध्यमों से किया गया कोई भी संचार आवेदक/उधारकर्ता को विधिवत रूप से वितरित एवं प्राप्त माना जाएगा।

11. Customer Services during the Loan duration

11. ऋण अवधि के दौरान ग्राहक सेवाएँ

- Applicants/Borrowers may visit the branch office between 09:30 AM and 06:30 PM on any working day to seek assistance.

आवेदक/उधारकर्ता किसी भी कार्य दिवस पर सहायता प्राप्त करने हेतु सुबह 09:30 बजे से शाम 06:30 बजे तक शाखा कार्यालय में आ सकते हैं।

- Applicants/Borrowers may contact the Customer Account Officer at the branch for any queries or support related to their loan account.

आवेदक/उधारकर्ता अपने ऋण खाते से संबंधित किसी भी प्रश्न अथवा सहायता हेतु शाखा के ग्राहक खाता अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

12. Other Conditions:

12. अन्य शर्तें:

- Applicants/Borrowers may collect the **statement of account** related to their loan from the Customer Service Officer within **15 working days** from the date of payment of the specified fee.

आवेदक/उधारकर्ता निर्दिष्ट शुल्क के भुगतान की तिथि से 15 कार्य दिवसों के भीतर अपने ऋण खाते का विवरण ग्राहक सेवा अधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं।

- The **foreclosure letter** and the **list of documents** shall be processed within **21 working days** from the date of payment of the specified fee.

निर्दिष्ट शुल्क के भुगतान की तिथि से 21 कार्य दिवसों के भीतर फोरक्लोज़र पत्र एवं दस्तावेजों की सूची की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

- Applicants/Borrowers may request a **photocopy of property ownership documents** kept as mortgage with Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA) by submitting a written request along with the specified fee. The photocopy shall be made available within **15 working days** from the date of payment.

आवेदक/उधारकर्ता निर्धारित शुल्क के साथ लिखित अनुरोध प्रस्तुत कर सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) के पास बंधक रखे गए संपत्ति स्वामित्व दस्तावेजों की फोटोकॉपी का अनुरोध कर सकते हैं। भुगतान की तिथि से 15 कार्य दिवसों के भीतर फोटोकॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

- For **closed or matured loans**, the **original documents** shall be returned within **30 days** from the date

of loan closure, subject to receipt of the complete outstanding amount in SITAARA's bank account. These documents may be collected from the branch where the loan was disbursed or from another branch of the applicant's/ borrower's choice, as specified at the time of foreclosure.

बंद या परिपक्व ऋणों के मामले में, ऋण समापन की तिथि से 30 दिनों के भीतर मूल दस्तावेज लौटाए जाएंगे, बशर्ते SITAARA के बैंक खाते में संपूर्ण बकाया राशि प्राप्त हो गई हो। ये दस्तावेज उस शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं जहाँ से ऋण वितरित किया गया था अथवा आवेदक/उधारकर्ता द्वारा फोरक्लोज़र के समय निर्दिष्ट किसी अन्य शाखा से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

- In the event of the demise of the property owner(s) after the closure of the loan, the **original property documents** held by Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA) shall be handed over to the **legal heir(s)** upon submission of **requisite documents**, including but not limited to: (i) Death certificate of the property owner; (ii) Proof of legal heirship (such as succession certificate, legal heir certificate, or registered will) ; (iii) Identity and address proof of the legal heir(s); (iv) Any other document as may be required by SITAARA for verification. The legal heir(s) may collect the documents from the SITAARA branch where the loan was disbursed or from another branch of their choice, as specified during the claim process.

ऋण समापन के पश्चात यदि संपत्ति स्वामी(यों) की मृत्यु हो जाती है, तो सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) के पास रखे गए मूल संपत्ति दस्तावेज विधिक उत्तराधिकारी(यों) को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर सौंप दिए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं: (i) संपत्ति स्वामी का मृत्यु प्रमाणपत्र; (ii) विधिक उत्तराधिकार का प्रमाण (जैसे उत्तराधिकार प्रमाणपत्र, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र या पंजीकृत वसीयत); (iii) विधिक उत्तराधिकारी(यों) का पहचान एवं पता प्रमाण; (iv) SITAARA द्वारा सत्यापन हेतु आवश्यक कोई अन्य दस्तावेज। विधिक उत्तराधिकारी(यों) ऋण वितरण शाखा अथवा अपनी पसंद की किसी अन्य शाखा से, दावा प्रक्रिया के दौरान निर्दिष्ट अनुसार, दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं।

- Applicants/Borrowers may refer to the official SITAARA website for the **updated list of branch addresses**.

आवेदक/उधारकर्ता शाखा पतों की अद्यतन सूची के लिए SITAARA की आधिकारिक वेबसाइट का संदर्भ ले सकते हैं।

The **Most Important Terms and Conditions (MITC)** form an integral part of SITAARA's credit policy.
अत्यंत महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें (MITC) SITAARA की ऋण नीति का अभिन्न अंग हैं।

13. GRIEVANCE REDRESSAL PROCESS:

13. शिकायत निवारण प्रक्रिया:

Level 1 स्तर 1	If the customer is having any grievance or any query, he may contact the branch or may write to us at / customercare@sitaara.in or call us at our toll free Number: 1800113909. We are committed to resolving customer's queries/issues within 2 weeks. यदि ग्राहक को कोई शिकायत अथवा प्रश्न है, तो वह शाखा से संपर्क कर सकता है अथवा

	customercare@sitaara.in पर हमें लिख सकता है अथवा हमारे टोल फ्री नंबर 1800113909 पर कॉल कर सकता है। हम ग्राहकों के प्रश्नों/समस्याओं का समाधान 2 सप्ताह के भीतर करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।
Level 2 स्तर 2	If the customer is not satisfied with the resolution provided at level 1, he/ she he/ she can redirect his/ her complaint to our Grievance Redressal Officer. Name of Grievance Redressal Officer: Mr. Neeraj Kumar Gautam Contact No.: 9910440956 Email ID: complaints@sitaara.in यदि ग्राहक स्तर 1 पर प्रदान किए गए समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी शिकायत हमारे शिकायत निवारण अधिकारी (Grievance Redressal Officer) को भेज सकता है। शिकायत निवारण अधिकारी का नाम: श्री नीरज कुमार गौतम संपर्क नंबर: 9910440956 ईमेल ID: complaints@sitaara.in
Level 3 स्तर 3	If the customer is not satisfied with the resolution provided at level 2 or time period of 7 days after lodging complaint at level 2 has lapsed, the customer may post his/her complaint to the Grievance Redressal Officer a Sgrlgro@sitaara.in Alternatively, the customers may write to Grievance Redressal Officer - Mr. Neeraj Kumar Gautam **Registered Office -** 1st Floor, 216/C-12, Old No. C-12, Plot No. 13-B, Guru Nanak Pura, Laxmi Nagar, Delhi – 110092 Phone: 011-4352-1832 यदि ग्राहक स्तर 2 पर प्रदान किए गए समाधान से संतुष्ट नहीं है अथवा स्तर 2 पर शिकायत दर्ज करने के 7 दिनों की अवधि समाप्त हो चुकी है, तो ग्राहक अपनी शिकायत शिकायत निवारण अधिकारी को Sgrlgro@sitaara.in पर भेज सकता है। वैकल्पिक रूप से, ग्राहक शिकायत निवारण अधिकारी को पत्र द्वारा भी लिख सकते हैं – श्री नीरज कुमार गौतम पंजीकृत कार्यालय – 1st Floor, 216/C-12, Old No. C-12, Plot No. 13-B, Guru Nanak Pura, Laxmi Nagar, Delhi – 110092 फोन: 011-4352-1832

Level 3 स्तर 3	In case of non-redressal of the complaint to the customer's satisfaction or non addressal of the compliant, within 30 days from the date of complaint, the customer may approach the National Housing Bank by lodging its complaint in online mode at the link https://grids.nhbonline.org.in or in offline mode by post at address given below, in the prescribed format available under the Grievances section at https://nhb.org.in/ **The General Manager** **National Housing Bank**, Complaint Redressal Cell 4th Floor, Core-5A, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi- 110003 यदि शिकायत का समाधान ग्राहक की संतुष्टि के अनुसार नहीं होता है अथवा शिकायत दर्ज होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर उसका निवारण नहीं किया जाता है, तो ग्राहक राष्ट्रीय आवास बैंक (National Housing Bank) में अपनी शिकायत ऑनलाइन माध्यम से https://grids.nhbonline.org.in पर अथवा ऑफलाइन माध्यम से नीचे दिए गए पते पर डाक द्वारा निर्धारित प्रारूप में दर्ज कर सकता है, जो https://nhb.org.in/ के Grievances अनुभाग में उपलब्ध है। महाप्रबंधक राष्ट्रीय आवास बैंक (National Housing Bank), शिकायत निवारण प्रकोष्ठ चौथा तल, कोर-5A, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003

You will receive an acknowledgement / response within [2 business days] of receiving your communication.
Anonymous Complaints and complaints from third party will not be entertained.
आपको आपके संचार की प्राप्ति के [2 कार्य दिवसों] के भीतर एक पावती / उत्तर प्राप्त होगा। गुमनाम शिकायतों एवं तृतीय पक्ष द्वारा की गई शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।

14. Dispute Resolution:

14. विवाद समाधान:

The Loan Agreement provides for Arbitration as means of dispute resolution.
ऋण अनुबंध में विवाद समाधान के साधन के रूप में मध्यस्थता (Arbitration) का प्रावधान किया गया है।

a) In the event of any dispute or disagreement arising out of the loan transaction, the matter shall be resolved through **Arbitration**, as provided under the Loan Agreement and in accordance with the provisions of the **Arbitration and Conciliation Act, 1996**, as amended from time to time.

ऋण लेनदेन से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद अथवा मतभेद की स्थिति में, इस मामले का समाधान ऋण करार के अनुसार तथा समय-समय पर यथासंशोधित मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अनुरूप मध्यस्थता (Arbitration) के माध्यम से किया जाएगा।

b) The place of arbitration, language of proceedings, and appointment of arbitrator(s) shall be as specified in the Loan Agreement executed between the Applicant/borrower and Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA).

मध्यस्थता का स्थान, कार्यवाही की भाषा तथा मध्यस्थ(ओं) की नियुक्ति आवेदक/उधारकर्ता एवं सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) के मध्य निष्पादित ऋण करार में उल्लिखित अनुसार होगी।

c) This provision shall not restrict or limit the Company's right to initiate any other legal remedy, including but not limited to proceedings under applicable laws such as the SARFAESI Act or the Negotiable Instruments Act, in the event of default, as provided in the Loan Agreement and other security documents.

यह प्रावधान कंपनी के किसी भी अन्य विधिक उपाय को प्रारंभ करने के अधिकार को सीमित या बाधित नहीं करेगा, जिसमें चूक की स्थिति में लागू कानूनों जैसे SARFAESI अधिनियम या परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सहित अन्य उपाय शामिल हैं, जैसा कि ऋण अनुबंध एवं अन्य सुरक्षा दस्तावेजों में प्रदान किया गया है।

This document contains only a summary of certain important terms of the loan and security transaction between the Applicants and the Company. Hence, it is agreed that for detailed terms and conditions of the loans, the Applicants shall refer to and rely upon the Loan agreement and the security documents executed / being executed by them with the Company.

यह दस्तावेज केवल आवेदकों एवं कंपनी के बीच ऋण एवं सुरक्षा लेनदेन की कुछ महत्वपूर्ण शर्तों का सारांश मात्र है। अतः यह सहमति है कि ऋण की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए आवेदक कंपनी के साथ उनके द्वारा निष्पादित / निष्पादित किए जाने वाले ऋण अनुबंध एवं सुरक्षा दस्तावेजों का संदर्भ लें एवं उन पर ही निर्भर रहें।

Acknowledgment and Declaration
स्वीकृति एवं घोषणा

The applicants hereby confirm the following:
आवेदक एतद्द्वारा निम्नलिखित की पुष्टि करते हैं:

a) They have read and understood all the terms and conditions mentioned above. It is hereby agreed that for detailed terms and conditions of the loan, the parties hereto shall refer to and rely upon the loan and other security documents executed/ to be executed by them.

उन्होंने उपरोक्त सभी नियम एवं शर्तों को पढ़ लिया है एवं समझ लिया है। यह एतद्द्वारा सहमति है कि ऋण की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पक्षकार उनके द्वारा निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले ऋण एवं अन्य सुरक्षा दस्तावेजों का संदर्भ लेंगे एवं उन पर ही निर्भर रहेंगे।

b) The terms and conditions have been read out and explained in vernacular language by Mr./Mrs./Ms._____(Customer Account Officer), and have been understood by them.

उन्होंने उपरोक्त सभी नियम एवं शर्तों को पढ़ लिया है एवं समझ लिया है। यह एतद्द्वारा सहमति है कि ऋण की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पक्षकार उनके द्वारा निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले ऋण एवं अन्य सुरक्षा दस्तावेजों का संदर्भ लेंगे एवं उन पर ही निर्भर रहेंगे।

c) The Applicants confirm that they have received a copy of this document.

आवेदक पुष्टि करते हैं कि उन्हें इस दस्तावेज़ की एक प्रति प्राप्त हो गई है।

d) All fees and charges mentioned are exclusive of GST and other applicable government taxes, levies, etc. These are subject to change at the sole discretion of Sitaara Housing Finance Limited (Formerly known as Sewa Grih Rin Limited) (SITAARA). Any revisions shall be updated on the Company's website: www.sitaara.in.

उल्लिखित सभी शुल्क एवं प्रभार GST तथा अन्य लागू सरकारी करों, उपकरों आदि को छोड़कर हैं। ये सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (SITAARA) के एकमात्र विवेकाधिकार पर परिवर्तन के अधीन हैं। किसी भी संशोधन को कंपनी की वेबसाइट: www.sitaara.in पर अद्यतन किया जाएगा।

e) Vernacular versions of the MITC are available on the Company's website. Applicants have been informed of this option.

MITC के क्षेत्रीय भाषाओं (वर्नाक्युलर) संस्करण कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदकों को इस विकल्प के बारे में सूचित किया गया है।

f) This MITC and all Transaction Documents may be executed electronically, including via digital signature, electronic authentication, OTP, or other modes permitted under the Information Technology Act, 2000. Such execution shall be valid and binding as if signed physically. The Lender's system records (including OTP logs and confirmations) shall be conclusive evidence of acceptance. The duplicate copy of this MITC shall be provided in durable electronic form, and a physical copy may be issued upon request.

यह MITC तथा सभी लेनदेन दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से निष्पादित किए जा सकते हैं, जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर, इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणीकरण, OTP अथवा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत अनुमत अन्य माध्यम शामिल हैं। ऐसा निष्पादन भौतिक हस्ताक्षर के समान वैध एवं बाध्यकारी होगा। ऋणदाता के सिस्टम रिकॉर्ड (जिसमें OTP लॉग एवं पुष्टि शामिल हैं) स्वीकृति के निर्णायक साक्ष्य होंगे। इस MITC की प्रति स्थायी इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रदान की जाएगी तथा अनुरोध पर भौतिक प्रति भी जारी की जा सकती है।

Digital Signature/ Physical Signatures / Thumb Impression of above-mentioned Applicants and Co-Applicants

उपरोक्त उल्लिखित आवेदकों एवं सह-आवेदकों के डिजिटल हस्ताक्षर / भौतिक हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान

For and on behalf of the Applicant(s) and Co Applicants

आवेदक(ओं) एवं सह-आवेदकों की ओर से एवं उनकी तरफ से

Sitaara

Authorized Signatory
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

For
के लिए

SITAARA HOUSING FINANCE LIMITED
सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

(FORMERLY KNOWN AS SEWA GRIH RIN LIMITED).
(पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

Authorized Signatory
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता